वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

(राजस्थान सरकार के अधिनियम 1987 (न. 35–1987) द्वारा स्थापित राजस्थान का एक मात्र राजकीय खला विश्वविद्यालय)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

(परीक्षा विभाग

क्रमांकः वमखुवि/परीक्षा/2021/481 दिनांकः– 18/02/21

परीक्षा दिसम्बर–2020 आयोजन हेतु सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा सत्रांत परीक्षा दिसम्बर–2020 का आयोजन दिनांक 25 फरवरी 2021 से प्रारम्भ किया जा रहा है। कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये परीक्षा आयोजन हेतु निम्न परिवर्तन किये गए हैः–

1. परीक्षा तीन पारियों में आयोजित की जाएंगी। प्रथम पारी का समय प्रातः 09.00 बजे से 11.00 बजे तक, द्वितीय पारी का समय दोपहर 12.00 बजे से 02.00 बजे तक एवं तृतीय पारी का समय अपरान्ह 03.00 बजे से 05.00 बजे तक का होगा ।
2. सभी पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों में उल्लेखित खण्ड "अ" एवं "ब" होंगे। खण्ड "अ" व "ब" को प्रश्नपत्र पर दिये गये निर्देशानुसार हल करना होगा।
3. स्नातक स्तरीय अनिवार्य प्रश्नपत्रों (Compulsory Papers) जैसे सामान्य हिन्दी (QHD), पर्यावरण अध्ययन (QES), सामान्य अंग्रेजी (QEG), प्रारम्भिक कम्प्यूटर अनुप्रयोग (QCA), को वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय ओ.एम.आर. शीट पर आधारित परीक्षा आयोजित होगी तथा प्रत्येक प्रश्नपत्र में 70 बहुविकल्पीय प्रश्न होगें एवं प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा। परीक्षा की अधिकतम समय अवधि दो घण्टे की होगी एवं उपर्युक्त प्रश्नपत्रों में ऋणात्मक अंक (Negative Marking) का प्रावधान नहीं होगा।
4. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र निबन्ध (Essay) MAPST-09, MASO-09, MAPS-09, MAPA-09, MASA-09, MARJ-09, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र निबन्ध (Essay) PGDCL-06, PGIPR-06 तथा प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र निबन्ध (Essay) CBIL-03, CLP-03 प्रश्नपत्रों के उत्तर लिखने हेतु विवरणिका में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समक्ष दी गयी अधिकतम शब्दों की सीमा में 30 प्रतिशत की छूट रहेगी।
5. सत्रांत परीक्षा जून–2020 में निम्नांकित पाठ्यक्रमों के जिन प्रश्नपत्रों की परीक्षा आयोजित नहीं की गयी थी, उनकी परीक्षा दिसम्बर–2020 परीक्षा के साथ आयोजित की जाएगी – **BAA(EC), BAA(ED), BAA(EG), BAA(GE), BAA(HD), BAA(HI), BAA(JM), BAA(MT), BAA(PA), BAA(PS), BAA(PSY), BAA(RJ), BAA(SA), BAA(SO), BAA(UD), BED-1, B.Sc.A, MCA-I, MCA-II, MBA-I**
6. परीक्षा जून–2020 के बकाया प्रश्नपत्र (BLIS-03, BLIS-04 एवं DLIS-02, DLIS-03) की परीक्षाओं से सम्बन्धित सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.vmou.ac.in** पर पृथक से जारी कर दी जायेगी।
7. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से कम से कम एक घण्टे पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।

विशेष निर्देश

कोविड–19 के प्रभावों को रोकने के लिए परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थीयों द्वारा निम्न प्रकार से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा SOP (Standard Operating Procedure) अनुसरण किया जाना हैः–

(1) परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र पर कम से कम छः फीट की शारीरिक दूरी रखें। (2) अनिवार्य रूप से फेस कवर/मास्क का उपयोग करें। (3) श्वसन शिष्टाचार का सख्ती से पालन करें। खांसते समय/छींकते समय टिश्यू/रूमाल का इस्तेमाल करें। (4) अनुमति पत्र की प्रति/वैध सरकारी आईडी प्रमाण पत्र साथ रखें। (5) व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल स्वयं लेकर जाएं। (6) व्यक्तिगत हैन्ड सेनिटाईजर रखें। उक्त बिन्दुओं की अनुपालना नहीं करने पर परीक्षार्थीयों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से रोका जा सकता है।

अनुमति पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड़ कर दिये गये है। परीक्षार्थी अपना अनुमति पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.vmou.ac.in से डाउनलोड़ कर अपनी फोटो आईडी के साथ आंवटित परीक्षा केन्द्र पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेगें। परीक्षा सम्बंधित विस्तृत जानकारी/संशोधन की सूचना के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समय–समय पर देखें।

B Arun Kumar

परीक्षा नियंत्रक